भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3411
सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)

गिग और प्लेटफार्म कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा ढांचा

3411. श्रीमती अपराजिता सारंगी:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) एग्रीगेटरों के साथ हाल ही में हुई बैठक के पश्चात गिग और प्लेटफार्म कामगारों के लिए एक सुदृढ़ सामाजिक सुरक्षा ढांचा स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा की गई विशिष्ट कार्रवाईयों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ई-श्रम पोर्टल पर गिग और प्लेटफार्म कामगारों को शामिल करने के लिए निर्धारित समय सीमा का ब्यौरा क्या है और एग्रीगेटरों द्वारा इसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कौन से उपाय किए जाएंगे;

(ग) क्या सरकार गिग कामगारों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि करने के लिए नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल पर नौकरी की रिक्तियों को सूचीबद्ध करने में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए एग्रीगेटर को प्रोत्साहित करने की योजना बना रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): पहली बार, 'गिग कामगार' और 'प्लेटफॉर्म कामगार' की परिभाषा और उससे संबंधित प्रावधान सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में किए गए हैं जिसे संसद द्वारा अधिनियमित किया गया है।

संहिता में 'गिग और 'प्लेटफॉर्म कामगारों' के लिए जीवन और निःशक्तता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और प्रसूति हितलाभ, वृद्धावस्था संरक्षण आदि से संबंधित मामलों पर उपयुक्त सामाजिक सुरक्षा उपायों को तैयार करने का उपबंध किया गया है। संहिता में कल्याणकारी योजनाओं के वित्तपोषण के लिए सामाजिक सुरक्षा कोष भी स्थापित करने का प्रावधान है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स को ई-श्रम पोर्टल पर स्वयं को और उनके साथ जुड़े प्लेटफॉर्म कामगारों का पंजीकरण करने के लिए एक एडवायजरी भी जारी की गई है। इससे प्लेटफॉर्म कामगारों को सामाजिक सुरक्षा लाभों तक आसान पहुंच प्राप्त करने में सुविधा होगी।

जारी..2/-

मंत्रालय जॉब मैचिंग, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, प्रशिक्षुता, इंटर्नशिप इत्यादि जैसी विभिन्न प्रकार की रोजगार संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है। एनसीएस पोर्टल सभी नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को गतिशील, कुशल और उत्तरदायी तरीके से जॉब मैचिंग के लिए एक मंच पर लाता है।

नियोक्ता एनसीएस पोर्टल पर गिग कामगारों के लिए नौकरियों सहित रिक्तियां पोस्ट कर सकते हैं। दिनांक 15.11.2024 तक की स्थिति के अनुसार, 36.23 लाख सक्रिय नियोक्ता और 11.82 लाख सक्रिय रिक्तियां एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत थीं।

****